## Press Release

### Plastic-Free Campus Awareness Programme

**Organized By: NSS**

**Date: 15-07-2026**

Patna, July 15. A "Plastic-Free Campus Awareness Program" was organized at Sri Arvind Mahila College, Kazipur, Patna, under the joint aegis of National Service Scheme (NSS) Units 1 and 2. The objective of the program was to raise awareness about environmental conservation and cleanliness while educating students and the general public on the adverse effects of single-use plastic.

The event commenced with a pledge for a plastic-free campus. Addressing the volunteers and students, College Principal **Prof. Rekha Rani** stated that plastic pollution has emerged as a serious global environmental challenge. To mitigate its harmful effects, every citizen must resolve to reduce plastic usage in their daily lives and adopt eco-friendly alternatives. She urged the students to become aware themselves and play an active role in making society plastic-free.

NSS Program Officers **Dr. Priya Kumari** (Unit 1) and **Dr. Sapna Barua** (Unit 2) remarked in their addresses that the aim of the National Service Scheme is not merely to perform service activities but also to bring about positive change in society. They called upon the volunteers to take the message of environmental conservation to the masses and actively participate in building a plastic-free India.

Subsequently, the volunteers conducted a cleanliness and plastic collection drive within the college campus. By collecting plastic waste scattered across the premises, the students conveyed the message of maintaining a clean and green campus.

An awareness rally was also organized as part of the program. Starting from the college campus, the rally passed through Kilkari Bhawan, Rashtrabhasha Parishad, Premchand Crossing, Dinkar Crossing, and the Kazipur neighborhood before returning to the college.

Carrying posters and awareness messages, the volunteers encouraged people to reduce plastic usage, opt for cloth and jute bags, and remain conscious of the need for a clean environment.

On this occasion, the college's teaching and non-teaching staff, along with a large number of students, took the pledge for a plastic-free campus and participated in the program with great enthusiasm. The program concluded with a collective pledge for environmental conservation and a clean India.

**Media In-charge**
**Sri Arvind Mahila College, Patna.**











राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Patna, Bihar, India
J567+j28, Kazipur, Bhikhana Pahari, Patna, Bihar 800016, India
Lat 25.61146° Long 85.162616°
15/07/2026 11:12 AM GMT +05:30
Google




श्री अरविन्द महिला कॉलेज
राष्ट्रीय सेवा योजना
SCHOOL VAN
30
BOI
GPS Map Camera
Patna, Bihar, India
J566+7w6, Rk Ave, Dujra, Bhikhana Pahari, Patna, Bihar 800016, India
Lat 25.610621° Long 85.16233°
15/07/2026 11:14 AM GMT +05:30
Google

## श्री अरविन्द महिला कॉलेज में प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान, छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ।



स्वच्छता की शपथ लेते प्राध्यापिकाएं, प्राध्यापक एवं छात्राएं

**न्यूजप्लस24|संवाददाता|पटना।** श्री अरविन्द महिला कॉलेज, काजीपुर, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाई–1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15 जुलाई 2026 को "प्लास्टिक मुक्त परिसर जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं आमजन को एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लास्टिक मुक्त परिसर की शपथ के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने स्वयंसेविकाओं एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज को भी प्लास्टिक मुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी, इकाई–1 डॉ. प्रिया कुमारी एवं इकाई–2 डॉ. सपना बरुआ ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं से पर्यावरण संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्लास्टिक मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं प्लास्टिक संग्रह अभियान चलाया गया। छात्राओं ने परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर स्वच्छ एवं हरित परिसर का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जो महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर किलकारी भवन, राष्ट्रभाषा परिषद, प्रेमचंद चौराहा, दिनकर चौराहा एवं काजीपुर मोहल्ला होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर पहुंची। रैली के दौरान स्वयंसेविकाओं ने हाथों में पोस्टर एवं जागरूकता संदेश लिए लोगों को प्लास्टिक का उपयोग कम करने, कपड़े एवं जूट के थैलों का प्रयोग करने तथा स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्लास्टिक मुक्त परिसर की शपथ ली तथा पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ भारत के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## श्री अरविन्द महिला कॉलेज में प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान, छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ।



स्वच्छता की शपथ लेते प्राध्यापिकाएं, प्राध्यापक एवं छात्राएं

**जोश भारत,** संवाददाता|पटना। श्री अरविन्द महिला कॉलेज, काजीपुर, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाई–1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15 जुलाई 2026 को "प्लास्टिक मुक्त परिसर जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं आमजन को एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लास्टिक मुक्त परिसर की शपथ के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने स्वयंसेविकाओं एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज को भी प्लास्टिक मुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी, इकाई–1 डॉ. प्रिया कुमारी एवं इकाई–2 डॉ. सपना बरुआ ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं से पर्यावरण संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्लास्टिक मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं प्लास्टिक संग्रह अभियान चलाया गया। छात्राओं ने परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर स्वच्छ एवं हरित परिसर का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जो महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर किलकारी भवन, राष्ट्रभाषा परिषद, प्रेमचंद चौराहा, दिनकर चौराहा एवं काजीपुर मोहल्ला होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर पहुंची। रैली के दौरान स्वयंसेविकाओं ने हाथों में पोस्टर एवं जागरूकता संदेश लिए लोगों को प्लास्टिक का उपयोग कम करने, कपड़े एवं जूट के थैलों का प्रयोग करने तथा स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्लास्टिक मुक्त परिसर की शपथ ली तथा पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ भारत के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।




लोगों को एकल उपयोग प्लास्टिक का बहिष्कार करने और कपड़े व जूट के थैले अपनाने का संदेश देतीं छात्राएं। ● सौ. कालेज

# छात्राओं ने प्लास्टिक संग्रह अभियान चलाया

**जागरण संवाददाता, पटना :** श्री अरविंद महिला कालेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाई के संयुक्त तत्वावधान में प्लास्टिक मुक्त परिसर जागरूकता अभियानका शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने छात्राओं एवं एनएसएस स्वयंसेविकाओं को प्लास्टिक मुक्त परिसर की शपथ दिलाकर किया। उन्होंने कहा कि एकल-उपयोग प्लास्टिक पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए सभी को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने होंगे। जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर किलकारी भवन, राष्ट्रभाषा परिषद, प्रेमचंद चौराहा, दिनकर चौराहा और काजीपुर मोहल्ला होते हुए वापस कालेज परिसर पहुंची। छात्राओं ने परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर स्वच्छ एवं हरित परिसर का संदेश दिया। एनएसएस इकाई एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. प्रिया कुमारी एवं इकाई दो की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सपना बरुआ ने स्वयंसेविकाओं से पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

| | |
|---|---|
| *Link* | *https://www.newsplus24.in/hritik-raj-verma-59/* |
| *Link* | *https://www.joshbharat.com/2026/07/Hritik%20Raj%20Verma%20_01296961811.html* |